इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 20] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 19 मई 2017—वैशाख 29, शक 1939

# भाग ४

विषय-सूची


| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | (1) मध्यप्रदेश विधेयक, | (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, | (3) संसद में पुरःस्थापित विधेयक. |
| (ख) | (1) अध्यादेश, | (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, | (3) संसद के अधिनियम. |
| (ग) | (1) प्रारूप नियम, | (2) अन्तिम नियम. | |


## भाग ४ (क)—कुछ नहीं

## भाग ४ (ख)—कुछ नहीं

## भाग ४ (ग)
## अंतिम नियम

### उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर

क्र.सी-1971.— जबलपुर, दिनांक 3 मई 2017

दण्ड प्रकिया संहिता, 1973 ( सन् 1974 का 2) की धारा 477 के साथ पठित भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश नियम एवं आदेश (आपराधिक), में निम्नलिखित और संशोधन प्रस्तावित करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों में,

(एक) विद्यमान नियम 771 से 790 के स्थान पर, के पश्चात् निम्नलिखित नियम स्थापित किए जाएं, अर्थात् :—

"771. इन नियमों में,–

(क) "अर्जी" से अभिप्रेत है कोई दस्तावेज जो आपराधिक न्यायालयों में पेश किए जाने के प्रयोजन के लिए लिखे गए हों और जिसमें सम्मिलित है परिवाद अपील या पुनरीक्षण की अर्जी ;

(ख) "अर्जी लेखक के रूप में व्यवसाय करना" से अभिप्रेत है ऊपर परिभाषित किए गए अनुसार भाड़े पर अर्जी लिखना। अर्जी लेखक, न्यायालय में व्यवसाय करता तभी कहा जाएगा जब वह उस न्यायालय में पेश किए जाने के लिए अर्जियां लिखता है।

772. कोई भी व्यक्ति तब तक अर्जी लेखक के रूप में व्यवसाय नहीं करेगा जब तक कि उसे इन नियमों के अधीन सम्यक् रूप से अनुज्ञप्ति (लायसेंस) नहीं दी गई हो :

परन्तु–

(क) किन्हीं नियमों के अधीन व्यवहार मामले में व्यावहारिक तथा आपराधिक मामले में आपराधिक अनुज्ञप्तिधारी कोई भी व्यक्ति व्यवहार/आपराधिक नियमों के अध्यधीन अनुज्ञप्ति प्रदान किया गया समझा जाएगा ;

(ख) ऐसी किसी अर्जी के संबंध में, जो कि उस न्यायालय में प्रस्तुत की जानी है जिसमें विधि व्यवसायी, व्यवसाय करने हेतु हकदार हैं, किसी अनुज्ञप्ति की आवश्यकता नहीं है यदि वह अर्जी उसके द्वारा अथवा उसके लिपिक द्वारा लिखी गई है और किसी विधिक व्यवसायी द्वारा हस्ताक्षरित है।

773. कोई भी अर्जी केवल इस आधार पर निरस्त नहीं की जाएगी कि वह ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखी गई है जो अनुज्ञप्त अर्जी लेखक नहीं है। प्रत्येक अर्जी में उस व्यक्ति का नाम और पद स्पष्ट रूप से दर्शित किया जाएगा जिसके द्वारा वह लिखी गई है और इस आवश्यकता का अनुपालन नहीं किए जाने पर, न्यायालय अर्जी स्वीकार करने से इंकार कर सकता है।

## अर्जी लेखकों को अनुज्ञा दिया जाना

774. जिला न्यायाधीश द्वारा जिले के लिए निश्चित मापमान के अनुसार इननियमों के अधीन अनुज्ञप्तियों की संख्या मंजूर की जाएगी। जब आवश्यकता हो, मापमान में परिवर्तन किया जा सकता है, परन्तु नियत मापमान को ध्यान दिए बिना अनुज्ञप्तियां बिना किसी भेदभाव के दी जाएंगी।

775. कोई भी व्यक्ति जिसने 20 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो, अर्जी लेखक के रूप में अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए उस जिले के जिला न्यायाधीश को, जिसमें वह अर्जी लेखक के रूप में व्यवसाय करना चाहता है, आवेदन कर सकता है।

**776** (1) आवेदन पत्र स्वयं आवेदक द्वारा लिखा या टंकित और उसके द्वारा हस्ताक्षरित होगा और उसमें निम्न बातें होंगी–

(क) आवेदक का नाम, पिता का नाम, अंग्रेजी पंचांग के अनुसार जन्मतिथि निवास के पते के प्रमाण के साथ पहचान कमांक, जहां आवश्यक हो तथा शैक्षणिक योग्यताएं जन्मतिथि दर्शाने वाली अंकसूची एवं वर्तमान व्यवसाय (यदि कोई हो) ;

(ख) भाषा या भाषाएं जिससे आवेदक परिचित है।

(ग) दो सम्माननीय व्यक्तियों के नाम जिनका कि आवेदक के चरित्र के संबंध में संदर्भ दिया जा सके।

(2) यदि आवेदक को किसी दाण्डिक अपराध में सिद्धदोष ठहराया गया है या शासकीय नौकरी से निकाला गया है तो यह तथ्य, आवेदन पत्र में लिखा जाएगा।

(3) यदि आवेदक को शासन या किसी अन्य प्राधिकरण की सेवा में है या विधि व्यवसायी है तो आवेदन पत्र में, उसे यह कथन करना होगा कि अर्जी लेखक के रूप में अनुज्ञप्ति दिये जाने पर वह उक्त सेवा से त्यागपत्र देने के लिए तैयार है।

777. जिला न्यायाधीश का जिसे कि आवेदन पत्र दिया गया है, इस संबंध में समाधान हो जाने पर–

(क) कि आवेदक की आयु 20 वर्ष से अधिक है

(ख) कि वह अच्छे चरित्र का है

(ग) कि वह अन्यथा अयोग्य नहीं है तथा

(घ) कि उसने किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण की है,

अपने विवेकाधिकार से आवेदक को इन नियमों से संलग्न विहित प्ररूप (क) में पंजीयन क्रमांक सहित अनुज्ञप्ति दे सकेगा। किसी भी व्यक्ति को अर्जी लेखक के रूप में अनुज्ञप्ति नहीं दी जाएगी जब वह शासन या किसी अन्य प्राधिकरण की सेवा में है या विधि व्यवसायी है।

778. (1) प्रत्येक अर्जी लेखक एक वर्ष की परिवीक्षा कालावधि के अधीन होगा। एक वर्ष की परिवीक्षा कालावधि के पश्चात्, यदि जिला न्यायाधीश द्वारा उसे स्थायी किया जाता है तो जिला न्यायाधीश द्वारा समय–समय पर तथा उन्हीं शर्तो पर नवीकरण के अध्यधीन रहते हुए ऐसी नियुक्ति की अवधि प्रथम बार में तीन वर्षो के लिए होगी, परन्तु यह कि अनुज्ञप्ति की अवधि के अवसान से 30 दिन पूर्व नवीकरण का आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) कोई भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति, स्थायी नहीं किया जाएगा जब तक कि वह जिला न्यायाधीश का यह समाधान न कर दे:–

(क) कि वह सुवाच्य अक्षरों में, स्पष्ट और संक्षिप्त आवेदन–पत्र, वाद पत्र, जवाबदावा या अपील का ज्ञापन न्यायालय की भाषा में जिसमें कि वह व्यवसाय करता है, लिखने में सक्षम है।

(ख) कि वह दण्ड प्रकिया संहिता, न्यायालय शुल्क अधिनियम, स्टाम्प अधिनियम और परिसीमा अधिनियम के प्रावधानों से परिचित है, जहां तक कि एक अर्जी–लेखक के कर्तव्यों का दक्षतापूर्ण पालन करने हेतु इन अधिनियमों का ज्ञान आवश्यक है।

(ग) कि वह अर्जी लेखकों से संबंधित सभी नियमों, जैसे कि पंजी का संधारण, अर्जियों तथा अन्य दस्तावेजों पर अपेक्षित विवरण का उल्लेख किए जाने का नियमित रूप से पालन कर रहा है।

(3) ऐसी दशा में जब आवेदक अनुज्ञप्ति के नवीकरण हेतु विहित कालावधि के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तब वह अवसान तिथि से एक माह के भीतर इस हेतु कारणों का उल्लेख करते हुए विलम्ब के लिए माफी हेतु एक आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा तथा जिला न्यायाधीश विलम्ब के कारणों से संतुष्ट होने पर उसे माफ कर सकेगा।

(4) इन नियमों के प्रभावी होने पर, वर्तमान अर्जी–लेखकों को उनकी अनुज्ञप्ति के नवीकरण हेतु, तीन माह की कालावधि के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

779. प्रत्येक जिला न्यायाधीश के कार्यालय में, विहित प्ररूप में अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखकों की एक पंजी रखी जाएगी प्रत्येक अर्जी लेखक के लिए पंजी का एक या अधिक पृष्ठ अतिरिक्त रूप से रखे जाएंगे।

## अर्जी लेखकों का आचरण

780. प्रत्येक अर्जी लेखक विहित प्ररूप में एक पंजी संधारित करेगा और उसमें उसके द्वारा लिखी गई प्रत्येक अर्जी की प्रविष्टि करेगा, और वह जब भी ऐसा करना अपेक्षित किया जाए, किसी भी न्यायिक अधिकारी या जिला न्यायाधीश द्वारा सम्यक् रूप से निर्देशित पदधारी को जांच हेतु पंजी प्रस्तुत करेगा।

781. प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक, स्वयं के खर्चे पर निम्न नमूने की एक कार्यालयीन मुहर रखेगा :–

अर्जी लेखक

नाम.................................
कमांक.............................
जिला............................

मुद्रा




782. प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक, अर्जी लिखने में, ऐसी सीधी एवं सरल भाषा में, जो कि अर्जीदार समझ सके, संक्षिप्त तथा उचित रूप से अर्जीदार के कथन और उद्देश्यों को अभिव्यक्त करने तक अपने आपको सीमित रखेगा और किसी विधि रिपोर्ट या अन्य विधि पुस्तक से कोई तर्क या उद्धरण उसमें नहीं लिखेगा, या अर्जीदार द्वारा उसकी जानकारी में नहीं लाए गए किसी निर्णय का उल्लेख नहीं करेगा।

783. प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेख़क उसके द्वारा लिखी गई प्रत्येक अर्जी पर अपनी मुहर, जिसमें उसका नाम, अनुज्ञप्ति कमांक लिखा हो, लगाएगा और ऐसी अ़र्जी पर वह कमांक जो है तथा उसके द्वारा लिए गए शुल्क की उसकी पंजी में प्रविष्टि करेगा।

784. प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अर्जी–लेखक जब किसी सक्षम प्राधिकारी के आदेश द्वारा ऐसा किया जाना अपेक्षित किया जाए तब स्वयं द्वारा लिखी गई किसी अर्जी को स्वयं के व्यय पर फिर से लिखेगा।

785. (1) कोई अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक केवल ऐसा शुल्क लेगा जो जिला न्यायाधीश द्वारा विहित इसमें संलग्न मापमान से अधिक न हो। वह उसके द्वारा प्राप्त की गई वास्तविक रकम को अर्जी में तथा अपनी पंजी में उपयुक्त कॉलम में भी लिखेगा।

(2) कोई अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक किसी ऐसे मुकदमे के परिणाम में अपना हित व्यक्त करते हुए अपनी सेवाओं के बदले कोई भुगतान प्राप्त नहीं करेगा जिसके कि संबंध में वह नियुक्त किया गया हो और वह किसी मुकदमे की जिसमें कि वह अन्यथा व्यक्तिगत रूप से हितबद्व न हो, चलाने के लिए निधियों में कोई अभिदाय नहीं देगा।

(3) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक उसके नियोजक को उसके द्वारा प्राप्त रकम हेतु एक रसीद प्रदान करेगा जिसमें कि वह सही–सही यह विनिर्दिष्ट करेगा कि वह रकम उसने किस हेतु प्राप्त की थी, उदाहरणार्थ, लिखाई शुल्क या खर्च और यदि खर्च हेतु तो किस खर्च हेतु, उदाहरणार्थ परिवाद पर देय न्यायालय शुल्क, प्रोसेस शुल्क इत्यादि ब्यौरे, पृथक् रूप से या तो उस रसीद में रखे जाएंगे या उससे संलग्न पृथक कागज की पर्ची पर लिखे जाएंगे।

786. कोई अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक किसी ऐसे प्रकरण से जिसमें कि वह स्वयं पक्षकार हो, अन्यथा किसी भी प्रकरण के किसी दण्ड न्यायालय में चलाए जाने हेतु मुख्तारनामा, चाहे वह साधारण या विशेष हो, स्वीकार नहीं करेगा।

787. प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अजी लेखक :

(क) जो अपनी नियुक्ति से त्यागपत्र दे देता है या हटा दिया जाता है.

(ख) जो शासन की या किसी अन्य प्राधिकारी की सेवा में नियुक्त हो जाता है या विधि व्यवसायी हो जाता है, या

(ग) जिसकी अनुज्ञप्ति इन नियमों के अधीन निलंबित या निरस्त कर दी जाती है, वह तत्काल जिला न्यायाधीश को अपनी अनुज्ञप्ति का अभ्यर्पण करेगा।

## नियमों के भंग होने पर प्रकिया

788. कोई न्यायिक अधिकारी, अर्जी–लेखक को नियुक्त करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा अभ्यावेदन करने पर ऐसे अर्जी लेखक को सुनने के बाद (यदि वह चाहता है कि उसे सुना जाए), यह पाता है कि न्यायालय में पेश की गई अर्जी लिखने के लिए अधिक शुल्क लिया गया था तो लिखित में आदेश द्वारा शुल्क की राशि में उस सीमा तक कमी कर देगा और जैसा कि परिस्थितियों के अधीन युक्तियुक्त और उचित प्रतीत हो और अर्जी लेखक से उस राशि से अधिक प्राप्त की गई राशि को वापिस कराएगा। केवल उस अधिकारी को छोड़कर जिसने आदेश पारित, इस नियम के अन्तर्गत पारित किया गया कोई आदेश उस अधिकारी के अलावा पुनरीक्षित नहीं किया जाएगा जिसने कि उसे किया था।

789. कोई भी न्यायिक अधिकारी, अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक को उसके द्वारा लिखी गई किसी अर्जी को पुनः लिखने के लिए आदेश दे सकेगा यदि अर्जी नियम 782 का उल्लंघन करती है या अवाच्य, अस्पष्ट या अति–विस्तृत है या उसमें कोई असंगत विषय या गलत उद्वरण समाविष्ट है या किसी अन्य कारण से, उस अधिकारी की राय में अर्जी अनियमित (इनफार्मल) या अन्यथा आपत्तिजनक है। इस नियम के

अंतर्गत पारित किया गया कोई आदेश उस अधिकारी के अलावा पुनरीक्षित नहीं किया जाएगा जिसने कि उसे किया था।

789क. कोई व्यक्ति जो इस नियम के नियम 772 का उल्लंघन करता है, पांच सौ रूपये से अनधिक की शास्ति के भुगतान का दायी होगा।

790. कोई अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक जो उप नियम 780, 781, 783, 785, 786 और 787 में से किसी एक का भी उल्लंघन करता है, एक सौ रूपयें से अनधिक की शास्ति के भुगतान का दायी होगा।

791. नियम 789क और 790 में विनिर्दिष्ट उपबंधों का भंग जिला न्यायाधीश द्वारा संज्ञेय होगा और ऐसे भंग पर कोई भी अर्थदंड तब तक अधिरोपित नहीं किया जाएगा जब तक कि आरोपित व्यक्ति को अपने बचाव के लिए अवसर न दे दिया जाए।

792. (1) कोई भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जो उसकी परिवीक्षा के वर्ष के भीतर नियम 778 के उपबंधों के अनुसार जिला न्यायाधीश का समाधान करने में असफल रहता है, तो उसेअनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की जाएगी।

(2) अर्जी लेखक पर लगाया गया अर्थदंड, भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूली योग्य होगा।

793. कोई अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक जो–

(क) नियम 782 के प्रतिकूल आदतन ऐसी अर्जीयां लिखता है जिनमें ऐसे असंगत विषय या प्रकाशन समाविष्ट हों जो अनावश्यक या अन्यथा आपत्तिजनक हो; या

(ख) अर्जी लेखक के रूप में अपने कारबार के अनुक्रम में अनादरपूर्ण, अपमानजनक या अपशब्द वाली भाषा का उपयोग करता है ; या

(ग) अर्जी लेखक के कार्यो का दक्षता पूर्ण पालन करने के अयोग्य पाया जाता है ;

(घ) न्यायालय के समय के दौरान आदतन अनुपस्थित रहता है या अपने मुख्यालय से बहुत कालावधि तक बिना पर्याप्त कारण के अनुपस्थित रहता है,या

(ड.) किसी किसी कपटपूर्ण या अनुचित आचरण के कारण ऐसा व्यवसाय करने के लिए अयोग्य पाया जाता है; या

(च) ऐसे दाण्डिक अपराध में सिद्धदोष ठहरा दिया जाता है जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित है, तो जिला न्यायाधीश के आदेश द्वारा उसकी अनुज्ञप्ति का निलंबन या निरस्तीकरण किया जा सकेगा, जो कि भविष्य में उसके सूचीबद्व होने के लिए अयोग्यता होगी:

परन्तु अनुज्ञप्ति के निलंबन अथवा निरस्तीकरण का आदेश किये जाने के पूर्व उसे सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जावेगा।

794. उपरोक्त किन्हीं नियमों के अधीन पारित किसी आदेश के विरूद्व कोई अपील नहीं होगी।

794क. नियम 789, 790, 792, या 793 के अधीन पारित आदेशों के संबंध में उच्च न्यायालय अधीक्षण और नियंत्रण की सामान्य शक्तियों का प्रयोग उसी रीति में करेगा जिस प्रकार वह सत्र न्यायाधीश के अन्य प्रशासनिक आदेशों के संबंध में करता है।

**अधिकतम प्रभार्य दर—**

794ख. अर्जियों या अन्य दस्तावेजों के लिए चार सौ रूपए की अधिकतम सीमा के अध्यधीन रहते हुए अधिकतम प्रभार्य दर रूपए 10/— प्रति पृष्ठ होगी।''।

(दो) इन नियमों संलग्न प्ररूपों के स्थान पर, निम्न प्ररूप स्थापित किए जाएं, अर्थात्:—

"प्ररूप–क

## अनुज्ञप्ति का प्ररूप

रजिस्ट्रीकरण कमांक..............

प्रमाणित किया जाता है कि..........................आत्मज.......................... निवासी.......................जिला को एतद्द्वारा जिला.........................में अर्जी लेखक के रूप में व्यवसाय करने की अनुज्ञा प्रदान की जाती है और मध्यप्रदेश में अर्जी लेखकों से संबंधित नियमों द्वारा विहित रीति में तथा उक्त नियमों के उपबंधों के अध्यधीन अर्जी लेखक के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायालय की मुहर से आज दिनांक.................. माह............सन्.............स्थान................को प्रदत्त।

मुद्रा जिला न्यायाधीश

प्ररूप–ख

## प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक द्वारा संधारित की जाने वाली पंजी

| अर्जी का अनुकमांक | तारीख जिसको अर्जी लिखी गई थी | उस व्यक्ति का नाम, पिता का नाम और निवास जिसके कहने पर अर्जी लिखी गई थी | अर्जी का विवरण | अर्जी की विषय–वस्तु का संक्षिप्त सार | अर्जी में चस्पा की गई न्याय शुल्क का मूल्य | अर्जी को लिखने के लिए प्रभारित शुल्क | अभ्युक्तियां | अर्जी लेखक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| | | | | | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

प्ररूप–ग

## अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखकों की पंजी

पंजी का पृष्ठ.........

पंजी कमांक.........

(1) अर्जी–लेखक का नाम...........................................................................
(2) पिता का नाम...................................................................................
(3) निवास.........................................................................................
(4) व्यवसाय का स्थान..............................................................................
(5) अनुज्ञप्ति प्रदान करने की तारीख
(6) नियुक्ति की पुष्टि की तारीख
(7) पंजीयन कमांक..................................................................................

*अभियुक्तियां.......................................................................................

टिप्पणीः प्रत्येक अर्जी–लेखक के लिए एक या अधिक पृष्ठ स्वतंत्र रखे जाएं।

---

*अभ्यर्थियों के कॉलम में उपनियम (20) अथवा (21) के अधीन आरोपित कोई अर्थदण्ड और उपनियम (18), (19), (22) या (23) के अधीन पारित कोई आदेश से संबंधित टिप्पणी की प्रविष्टि की जाएगी।"।

In exercise of the powers conferred by article 227 of the Constitution of India, read with section 477 of Criminal Procedure Cod, 1973 (2 of 1974), the High Court of Madhya Pradesh, hereby, proposes to make the following further amendments in the Madhya Pradesh Rules and Orders (Criminal), namely:-

**AMENDMENTS**

In the said rules,

(i). for existing rules 771 to 790, the following rules shall be substituted, namely:-

"**771.** In there rules ,-

(a) "Petition" means a document written for being presented to a Criminal Court and includes a complaint, petition of appeal or revision.

(b) "To practice as petition writer" means to write a petition as defined above for hire. A petition writer is said to practice in a court when he writes petitions for the purpose of being presented to the court.

**772** No person shall practice as a petition-writer unless he has been duly licensed under these Rules:

provided-

(a) that any person licensed under any rule, either Civil or Criminal shall be deemed to have been licensed under these rules;

(b) that no such licence is necessary in respect of a petition meant to be presented to a court in which a legal practitioner is entitled to practice if the petition is written by him or by his clerk and is signed by a legal practitioner.

**773.** No petition shall be rejected merely on the ground that it has been written by a person who is not a licensed petition-writer. Every petition shall show clearly the name and designation of the person by whom it has been scribed and the court may refuse to accept a petition which does not comply with this requirement.

## LICENSING OF PETITION WRITERS

**774.** The number of licences to be granted under these Rules shall be in accordance with the scale fixed by the District Judge for the District. The scale may be altered when necessary, but licences should be granted indiscriminately without reference to the fixed scale.

**775.** Any person above the age of 20 years may apply to the District Judge of the district in which he desires to practice for being licensed as a petition-writer.

**776.** (1) The application shall be written by the applicant in his own hand or typed under his signature with following details:-

(a) The applicant's name, father's name, date of birth according to the English Calendar, residence with address proof along with ID proof where necessary, and educational qualifications with marks sheet showing date of birth and present occupation (if any);

(b) The language or languages with which the applicant is acquainted;

(c) The names of two respectable persons to whom reference may be made regarding the applicant's character.

(2) If the applicant has been convicted of any criminal offence or removed from any service under the Government, the fact shall be stated in the application.

(3) If the applicant is a legal practitioner or in the service under the Government or any other authority, his application shall state that he is ready to resign from such service on being licensed as a petition-writer.

**777.** The District Judge to whom the application is made may, in his discretion, on being satisfied-

(a) that the applicant is over 20 years of age,
(b) that he is of good character,
(c) that he is not otherwise ineligible and
(d) that he has passed the Higher Secondary Examination (10+2) from any recognised Board,

grant the applicant a licence along with registration number in the prescribed Form- A appended to these rules. A appended to these rules no person shall be licensed as a petition-writer whilst he is a legal practitioner or in the service of the government or any authority.

**778.** (1) Every petition writer shall be under probation for a period of one year. After probation period of one year, if confirmation is made by the District Judge, the duration of such licence shall be for three years in first instance, subject to renewal by the District Judge, time to time, on same conditions:

Provided that the application for renewal shall be made 30 days prior to the expiry of the period of licence.

(2) No probationer shall be confirmed unless he satisfies the District Judge-

(a) that he is able to draw up in a legible, hand clear and concise application, plaint, written statement or memorandum of appeal in the language of the court in which he practises;

(b) that he is acquainted with the provisions of the Criminal Procedure Code, the Court Fees Act, the Stamp Act and the Limitation Act, so far as knowledge of these Acts is necessary for the efficient performance of the duties of a petition-writer;

(c) that he is regularly complying with all the rules regarding petition-writers i.e. maintenance of register, mentioning requisite details on petitions and other documents.

(3) In case the applicant fails to apply for renewal of the licence within the prescribed period, he may file an application within one month from the date of expiry, seeking condonation of delay giving reasons for the same and District Judge, on being satisfied about the reasons of delay, may condone the same.

(4) With the enforcement of these rules, the existing Petition Writers shall have to apply for renewal of their licences within a period of 3 months.

**779.** A register of licensed Petition Writers should be maintained in the prescribed form in the office of every District Judge. A page or pages of the register shall be set apart for each petition writer.

**CONDUCT OF PETITION-WRITERS**

**780.** Every petition writers shall maintain a register in the prescribed form and shall enter therein every petition written by him, and shall produce the register for inspection to any judicial officer or official duly instructed by the District Judge it is required to do so.

**781.** Every licensed petition writer shall, at his own expense, provide himself with an official seal of the following pattern.

Petition Writer
Name..................................
No.........................................
District...............................

SEAL




**782.** Every licensed petition writer, in writing petitions, shall confine himself to expressing in plain and simple language such as the petitioner may understand, and in a concise and proper form, the statements and objects of the petitioner, and shall not introduce any argument or quotation from a law report or other law book, or refer to any decision not brought to his notice by the petitioner.

**783.** Every licensed petition writer shall affix his seal (with his name and license number filled in) on every petition written by him and shall enter on such petition the number which it bears in his register and the fee which has been charged for writing it.

**784.** Every licensed petition writer shall re-write, at his own cost, any petition, written by himself, when required to do so by the order of a competent authority.

**785.** (1) A licensed petition writer shall charge only such fees as may be prescribed by the District Judge not exceeding the scale hereto annexed. He shall make a note in the petition and also in the appropriate columns of his register, the amount actually received by him;

(2) A licensed petition-writer shall not take any payment for his service by expressing his interest in the result of any litigation in connection with which he is employed and shall not contribute towards the funds for carrying on any litigation in which he is not otherwise personally interested;

(3) Every licensed petition-writer shall give to his employer a receipt for the amount received by him, specifying exactly what the money was received for e.g., writing fees or costs, and if for costs, for what cost e.g., Courts fees on plaints, process-fee, etc. The details shall be set out separately either in the receipt itself or on a separate piece of paper attached to it.

**786.** A licensed petition-writer shall not accept any mukhtarnama, whether general or special, for the conduct of any case in a criminal court other than a case in which he is himself a party.

**787.** Every licensed petition-writer-

(a) who resigns or is removed;

(b) who joins the service of Government or any other authority or becomes a legal practitioner; or

(c) who se licence is suspended or cancelled under these rules, shall forthwith surrender his license to the District Judge.

**PROCEDURE IN DEALING WITH BREACH OF RULES**

**788.** Any Judicial officer who, on the representation of any person employing a petition-writer, and after hearing such petition-writer (if he desires to be so heard) finds that the fee charged for writing a petition presented in the court was excessive, may by order in writing, reduce the same to such sum as appears to be, under the circumstances, reasonable and proper, and may require the petition-writer to refund the amount received in excess of such sum. An order passed under this rule shall not be revised except by the officer who makes it.

**789.** Any Judicial officer may order a licensed petition-writer to re-write any petition, written by him, which contravenes rule 782 or is illegible, obscure or prolix or contains any irrelevant matter or misquotation, or for any other person, in the opinion of such officer, informal or otherwise objectionable. An order passed under this rule shall not be revised except by the officer who makes it.

**789A.** Any person who violates rule 772 of this rule shall be liable to pay penalty not exceeding to rupees five hundred.

**790.** Any licensed petition-writer who violates any of the sub-rules 780, 781, 783, 785, 786 and 787 shall be liable to a penalty not exceeding to rupees one hundred.

**791.** Any breach of rules specified in rules 789A and 790 shall be cognizable by the District Judge and no penalty shall be inflicted in respect of such violations unless the person, charged, has been given an opportunity of defending himself.

**792.** (1) Any probationer who fails to satisfy the District Judge on the points mentioned in rule 778, within the year of his probation, shall not be granted licence.

(2) The fine imposed on Petition Writer shall be recovered as an arrear of land revenue.

**793.** Any licensed petition-writer who-

(a) habitually writes petitions contrary to rule 782, containing irrelevant matter or averments which are unnecessary or otherwise objectionable; or

(b) in the course of his business as petition writers, uses disrespectful, insulting or abusive language; or

(c) is found to be incapable of efficiently discharging the functions of a petition writer; or

(d) habitually remains absent during court hours or is absent from his headquarters for a considerable period without sufficient cause; or

(e) by reason of any fraudulent or improper conduct, is found to be unfit to practise as such; or

(f) is convicted of a criminal offence involving moral turpitude, may suffer suspension or cancellation of his licence by the order of the District Judge which shall be disqualification for his being listed in future:

Provided that such petition writer shall be given a reasonable opportunity of hearing before passing the order of suspension or cancellation of licence.

**794.** No appeal shall lie from any order passed under any of the above sub-rules.

**794A.** The High Court shall exercise general powers of superintendence and control with regard to orders passed under rules 789, 790,792 or 793 in the same manner as with regard to other administrative orders of the District Judge.

**Maximum Chargeable Rate.**

**794B.** The maximum chargeable rate shall be Rs. 10/- per page subject to maximum limit of Rs. 400/- on a petition or other document.".

(ii). for Forms appended to these rules, the following Forms shall be substituted, namely:-

**" Form-A**

**Form of Licence**

Registration No................

Certified that...........................................son of....................................... resident of ............................district is hereby permitted to practise as such in the..........................district, this day, has been licensed as petition writer in the manner prescribed by the rules relating to petition writers in Madhya Pradesh and subject to the provisions of the said rules.

Given under my hand and seal of this Court ...................................of 2015 ...................at............................

Seal ....................

District Judge

**Form-B**

**Register to be maintained by every licensed petition writer**

| Serial Number of Petition | Date on which petition was written | Name, parentage and residence of the person at whose instance the petition was written | Description of Petition | Brief abstract of contents of petition | Value of Court fee paid to the petition | Fees charged for writing the petition | Remarks | Signature of the petition writer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| | | | | | | | | |

**Form-C**

**Register of licensed petition writers**

Page of Register...................
Registration No..........................

(1) Name of petition writer
(2) Father's Name
(3) Residence
(4) Place of business
(5) Date of grant of licence
(6) Date of confirmation of appointment
(7) Registration No...........

*Remarks

Note: One or more pages to be set apart for each petition writer
*Note: In the column or remarks, a note shall be entered of penalty imposed under rule 788, 789, 789A or 790,791 and 792.".

मध्यप्रदेश सिविल न्यायालय अधिनियम, 1958 (क्रमांक 19 सन् 1958) की धारा 23 के साथ पठित भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश व्यवहार न्यायालय नियम, 1961 में निम्नलिखित और संशोधन प्रस्तावित करता हैं, अर्थात् :–

## संशोधन

उक्त नियमों में, नियम 594 के पश्चात्, निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जाए, अर्थात् :–

"594–क (1) इन नियमों में,–

(क) "अर्जी" से अभिप्रेत है कोई दस्तावेज जो व्यवहार न्यायालयों में पेश किए जाने के प्रयोजन के लिए लिखे गए हों और जिसमें सम्मिलित है वाद पत्र, जवाब दावा और अपील की अर्जी ;

(ख) "अर्जी लेखक के रूप में व्यवसाय करना" से अभिप्रेत है ऊपर परिभाषित किए गए अनुसार भाड़े पर अर्जी लिखना। अर्जी लेखक, न्यायालय में व्यवसाय करता तभी कहा जाएगा जब वह उस न्यायालय में पेश किए जाने के लिए अर्जियां लिखता है।

(2) कोई भी व्यक्ति तब तक अर्जी लेखक के रूप में व्यवसाय नहीं करेगा जब तक कि उसे इन नियमों के अधीन सम्यक् रूप से अनुज्ञप्ति (लायसेंस) नहीं दी गई हो :

परन्तु—

(क) किसी नियम के अधीन या तो सिविल या आपराधिक मामले में आपराधिक अनुज्ञप्त कोई व्यक्ति इन नियमों के अधीन अनुज्ञ समझा जाएगा;

(ख) ऐसी किसी अर्जी के संबंध में, जो कि उस न्यायालय में प्रस्तुत की जानी है जिसमें विधि व्यवसायी, व्यवसाय करने हेतु हकदार हैं, किसी अनुज्ञप्ति की आवश्यकता नहीं है यदि वह अर्जी उसके द्वारा अथवा उसके लिपिक द्वारा लिखी गई है और किसी विधिक व्यवसायी द्वारा हस्ताक्षरित है।

(3) कोई भी अर्जी केवल इस आधार पर निरस्त नहीं की जाएगी कि वह ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखी गई है जो अनुज्ञप्त अर्जी लेखक नहीं है। प्रत्येक अर्जी में उस व्यक्ति का नाम और पद स्पष्ट रूप से दर्शित किया जाएगा जिसके द्वारा वह लिखी गई है और इस आवश्यकता का अनुपालन नहीं किए जाने पर, न्यायालय अर्जी स्वीकार करने से इंकार कर सकता है।

**अर्जी लेखकों को अनुज्ञा दिया जाना**

(4) जिला न्यायाधीश द्वारा जिले के लिए निश्चित मापमान के अनुसार इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्तियों की संख्या मंजूर की जाएगी। जब आवश्यकता हो, मापमान में परिवर्तन किया जा सकता है, परन्तु नियत मापमान को ध्यान दिए बिना अनुज्ञप्तियां बिना किसी भेदभाव के दी जाएंगी।

(5) कोई भी व्यक्ति जिसने 20 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो, अर्जी लेखक के रूप में अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए उस जिले के जिला न्यायाधीश को, जिसमें वह अर्जी लेखक के रूप में व्यवसाय करना चाहता है, आवेदन कर सकता है।

(6) (क) आवेदन पत्र स्वयं आवेदक द्वारा स्वंय के हाथें से लिखा या टंकित और उसके द्वारा हस्ताक्षरित होगा और उसमें निम्न ब्यौरे होंगे :—

(एक) आवेदक का नाम, पिता का नाम, अंग्रेजी पंचांग के अनुसार जन्मतिथि निवास के पते के प्रमाण के साथ पहचान क्रमांक, जहां आवश्यक हो तथा शैक्षणिक योग्यताएं जन्मतिथि दर्शाने वाली अंकसूची एवं वर्तमान व्यवसाय (यदि कोई हो) ;

(दो) भाषा या भाषाएं जिससे आवेदक परिचित है।

(तीन) दो सम्माननीय व्यक्तियों के नाम जिनका कि आवेदक के चरित्र के संबंध में संदर्भ दिया जा सके।

(ख) यदि आवेदक को किसी दाण्डिक अपराध में सिद्धदोष ठहराया गया है या किसी शासकीय सेवा से हटाया गया है तो यह तथ्य, आवेदन पत्र में लिखा जाएगा।

(ग) यदि आवेदक विधि व्यवसायी है या शासन या किसी अन्य प्राधिकरण की सेवा में है तो आवेदन पत्र में, उसके आवेदन में यह कथन होगा कि अर्जी लेखक के रूप में अनुज्ञप्त किये जाने पर वह ऐसी सेवा से त्यागपत्र देने के लिए तैयार है।

(7) जिला न्यायाधीश का जिसे कि आवेदन पत्र दिया गया है, इस संबंध में समाधान हो जाने पर—

(क) कि आवेदक की आयु 20 वर्ष से अधिक है,

(ख) कि वह अच्छे चरित्र का है,

(ग) कि वह अन्यथा अयोग्य नहीं है, तथा

(घ) कि उसने किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण की है,

अपने विवेकाधिकार से आवेदक को इन नियमों से संलग्न विहित प्ररूप क में पंजीयन कमांक सहित अनुज्ञप्ति दे सकेगा। किसी भी व्यक्ति को अर्जी लेखक के रूप में अनुज्ञप्ति नहीं दी जाएगी जब वह एक विधि व्यवसायी या शासन किसी प्राधिकरण की सेवा में न हो।

(8) (क) प्रत्येक अर्जी लेखक एक वर्ष की परिवीक्षा कालावधि के अधीन होगा। एक वर्ष की परिवीक्षा कालावधि के पश्चात्, यदि जिला न्यायाधीश द्वारा उसे स्थायी किया जाता है तो जिला न्यायाधीश द्वारा समय–समय पर तथा उन्हीं शर्तो पर नवीकरण के अध्यधीन रहते हुए ऐसी अनुज्ञप्ति की अवधि प्रथम बार में तीन वर्ष के लिए होगी:

परन्तु यह कि अनुज्ञप्ति की अवधि के अवसान से 30 दिन पूर्व नवीकरण का आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

(ख) कोई भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति, स्थायी नहीं किया जाएगा जब तक कि वह जिला न्यायाधीश का यह समाधान न कर दे:–

(एक) कि वह सुवाच्य अक्षरों में, स्पष्ट और संक्षिप्त आवेदन–पत्र, वाद पत्र, जवाबदावा या अपील का ज्ञापन न्यायालय की भाषा में जिसमें कि वह व्यवसाय करता है, लिखने में सक्षम है।

(दो) कि वह सिविल प्रक्रिया संहिता, न्यायालय शुल्क अधिनियम, स्टाम्प अधिनियम और परिसीमा अधिनियम के प्रावधानों से परिचित है, जहां तक कि एक अर्जी–लेखक के कर्तव्यों का दक्षतापूर्ण पालन करने हेतु इन अधिनियमों का ज्ञान आवश्यक है।

(तीन) कि वह अर्जी लेखकों से संबंधित सभी नियमों, जैसे कि पंजी का संधारण, अर्जियों तथा अन्य दस्तावेजों पर अपेक्षित विवरण का उल्लेख किए जाने का नियमित रूप से पालन कर रहा है।

(ग) ऐसी दशा में जब आवेदक अनुज्ञप्ति के नवीकरण हेतु विहित कालावधि के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तब वह अवसान तिथि से एक माह के भीतर विलम्ब को माफी हेतु एक आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा तथा जिला न्यायाधीश विलम्ब के कारणों से संतुष्ट होने पर उसे माफ कर सकेगा।

(घ) इन नियमों के प्रभावी होने पर, वर्तमान अर्जी–लेखकों को उनकी अनुज्ञप्ति के नवीकरण हेतु, तीन माह की कालावधि के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

(9) प्रत्येक जिला न्यायाधीश के कार्यालय में, विहित प्ररूप में अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखकों की एक पंजी रखी जाएगी प्रत्येक अर्जी लेखक के लिए पंजी का एक या अधिक पृष्ठ अतिरिक्त रूप से रखे जाएंगे।

**अर्जी लेखकों का आचरण**

(10) प्रत्येक अर्जी लेखक विहित प्ररूप में एक पंजी संधारित करेगा और उसमें उसके द्वारा लिखी गई प्रत्येक अर्जी की प्रविष्टि करेगा और वह जब भी ऐसा करना अपेक्षित किया जाए, किसी न्यायिक अधिकारी या जिला न्यायाधीश द्वारा सम्यक् रूप से निर्देशित पदधारी को जांच हेतु पंजी प्रस्तुत करेगा।

(11) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखक, स्वयं के खर्चे पर निम्न नमूने की एक कार्यालयीन मुहर रखेगा :–

अर्जी लेखक
नाम................................

क्रमांक............................ मुद्रा

जिला...........................




(12) प्रत्येक अनुज्ञप्त अर्जी लेखक, अर्जी लिखने में, अपने आय को ऐसी सीधी एवं सरल भाषा तक जो कि अर्जीदार समझ सके, संक्षिप्त तथा उचित रूप से अर्जीदार के कथन और उद्देश्यों को अभिव्यक्त करने तक सीमित रखेगा और किसी विधि रिपोर्ट या अन्य विधि पुस्तक से कोई तर्क या उद्धरण उसमें नहीं लिखेगा, या अर्जीदार द्वारा उसकी जानकारी में नहीं लाए गए किसी निर्णय का उल्लेख नहीं करेगा।

(13) प्रत्येक अनुज्ञप्त अर्जी लेखक उसके द्वारा लिखी गई प्रत्येक अर्जी पर अपनी मुहर, जिसमें उसका नाम, अनुज्ञप्ति क्रमांक लिखा हो, लगाएगा और ऐसी अर्जी पर वह क्रमांक जो है तथा उसके द्वारा लिए गए शुल्क की उसकी पंजी में प्रविष्टि करेगा।

(14) प्रत्येक अनुज्ञप्त अर्जी–लेखक जब किसी सक्षम प्राधिकारी के आदेश द्वारा ऐसा किया जाना अपेक्षित किया जाए तब स्वयं द्वारा लिखी गई किसी अर्जी को स्वयं के व्यय पर फिर से लिखेगा।

(15) (क) कोई अनुज्ञप्त अर्जी लेखक केवल ऐसा शुल्क प्रभारित करेगा जो जिला न्यायाधीश द्वारा विहित इसमें संलग्न सीमा से अधिक न हो। वह उसके द्वारा वास्तविक रूप से प्राप्त की गई वास्तविक रकम को अर्जी में तथा अपनी पंजी के उपयुक्त कॉलम में भी लिखेगा।

(ख) कोई अनुज्ञप्त अर्जी लेखक किसी ऐसे मुकदमे के परिणाम में अपना हित व्यक्त करते हुए अपनी सेवाओं के बदले कोई भुगतान प्राप्त नहीं करेगा जिसके कि संबंध में वह नियुक्त किया गया हो और वह किसी मुकदमे की जिसमें कि वह अन्यथा व्यक्तिगत रूप से हितबद्व न हो, चलाने के लिए निधियों में कोई अभिदाय नहीं देगा;

(ग) प्रत्येक अनुज्ञप्त अर्जी लेखक उसके नियोजक को उसके द्वारा प्राप्त रकम हेतु एक रसीद प्रदान करेगा जिसमें कि वह सही–सही यह विनिर्दिष्ट करेगा कि वह रकम उसने किस हेतु प्राप्त की थी, उदाहरणार्थ, लिखाई शुल्क या खर्च और यदि खर्च हेतु तो किस खर्च हेतु, उदाहरणार्थ परिवाद पर देय न्यायालय शुल्क, प्रोसेस शुल्क इत्यादि ब्यौरे, पृथक् रूप से या तो उस रसीद में रखे जाएंगे या उससे संलग्न पृथक कागज की पर्ची पर लिखे जाएंगे।

(16) कोई अनुज्ञप्त अर्जी लेखक किसी ऐसे प्रकरण, जिसमें कि वह स्वयं पक्षकार हो, से भिन्न किसी भी प्रकरण के किसी दण्ड न्यायालय में चलाए जाने हेतु मुख्तारनामा, चाहे वह साधारण या विशेष, स्वीकार नहीं करेगा।

(17) प्रत्येक अनुज्ञप्त अर्जी लेखक :

(क) जो अपनी नियुक्ति से त्यागपत्र दे देता है या हटा दिया जाता है;

(ख) जो शासन की या किसी अन्य प्राधिकारी की सेवा में संबंद्व हो जाता है या विधि व्यवसायी हो जाता है; या

(ग) जिसकी अनुज्ञप्ति इन नियमों के अधीन निलंबित या निरस्त कर दी जाती है,

वह तत्काल जिला न्यायाधीश को अपनी अनुज्ञप्ति का अभ्यर्पण करेगा।

## नियमों के भंग होने पर प्रकिया

(18) कोई न्यायिक अधिकारी, अर्जी–लेखक को नियुक्त करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा अभ्यावेदन करने पर ऐसे अर्जी लेखक को सुनने के बाद (यदि वह चाहता है कि उसे सुना जाए), यह पाता है कि न्यायालय में पेश की गई अर्जी लिखने के लिए अधिक शुल्क लिया गया था तो लिखित में आदेश द्वारा शुल्क की राशि में उस सीमा तक कमी कर देगा और जैसा कि परिस्थितियों के अधीन युक्तियुक्त और उचित प्रतीत हो और अर्जी लेखक से उस राशि से अधिक प्राप्त की गई राशि को वापिस कराएगा। इस नियम के अन्तर्गत पारित किया गया कोई आदेश उस अधिकारी के अलावा, जो कि उसे करता है, पुनरीक्षित नहीं किया जाएगा।

(19) कोई भी न्यायिक अधिकारी, अनुज्ञप्त अर्जी लेखक को उसके द्वारा लिखी गई किसी अर्जी को पुनः लिखने के लिए आदेश दे सकेगा यदि अर्जी नियम 12 का उल्लंघन करती है या अवाच्य, अस्पष्ट या अति–विस्तृत है या उसमें कोई असंगत विषय या गलत उद्वरण समाविष्ट है या किसी अन्य कारण से, ऐसे अधिकारी की राय में अर्जी अनौपचारिक (इनफार्मल) या अन्यथा आपत्तिजनक है। इस नियम के अंतर्गत पारित किया गया कोई आदेश उस अधिकारी के अलावा, जो कि उसे करता है, पुनरीक्षित नहीं किया जाएगा।

(20) कोई व्यक्ति जो इस नियम के उप नियम (2) का उल्लंघन करता है, पॉच सौ रूपये से अनधिक की शास्ति के भुगतान का दायी होगा।

(21) कोई अनुज्ञप्त अर्जी लेखक जो उप नियम (10) (11),(13),(15),(16) और (17) में से किसी का भी उल्लंघन करता है, एक सौ रूपये से अनधिक की शास्ति के भुगतान का दायी होगा।

(22) उप नियम (20) और (21) में विनिर्दिष्ट उपबंधों का कोई भंग जिला न्यायाधीश द्वारा संज्ञेय होगा और ऐसे भंग पर कोई भी अर्थदंड तब तक अधिरोपित नहीं किया जाएगा जब तक कि आरोपित व्यक्ति को अपने बचाव के लिए अवसर न दे दिया जाए।

(23) कोई भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जो उसकी परिवीक्षा के वर्ष के भीतर उप नियम (8) में उल्लिखित बिन्दुओं पर जिला न्यायाधीश का समाधान करने में असफल रहता है, उसे अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की जाएगी।

(24) अर्जी लेखक पर लगाया गया अर्थदंड, भू-राजस्व के बकाया के तौर पर किया जाएगा।

(25) कोई अनुज्ञ अर्जी लेखक जो-

(क) उप नियम 12 के प्रतिकूल आदतन ऐसी अर्जीयां लिखता है जिनमें ऐसे असंगत विषय या प्रकाशन समाविष्ट हों जो अनावश्यक या अन्यथा आपत्तिजनक हो; या

(ख) अर्जी लेखक के रूप में अपने कारबार के अनुक्रम में अनादरपूर्ण, अपमानजनक या अपशब्द वाली भाषा का उपयोग करता है ; या

(ग) अर्जी लेखक के कार्यों का दक्षता पूर्ण पालन करने के अयोग्य पाया जाता है ;

(घ) न्यायालय के समय के दौरान आदतन अनुपस्थित रहता है या अपने मुख्यालय से बहुत कालावधि तक बिना पर्याप्त कारण के अनुपस्थित रहता है,या

(ड.) किसी किसी कपटपूर्ण या अनुचित आचरण के कारण ऐसा व्यवसाय करने के लिए अयोग्य पाया जाता है; या

(च) ऐसे दाण्डिक अपराध में सिद्धदोष ठहरा दिया जाता है जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित है, तो जिला न्यायाधीश के आदेश द्वारा उसकी अनुज्ञप्ति का निलंबन या निरस्तीकरण किया जा सकेगा, जो कि भविष्य में उसके सूचीबद्व होने के लिए अयोग्यता होगी :

परन्तु अनुज्ञप्ति के निलंबन अथवा निरस्तीकरण का आदेश किये जाने के पूर्व ऐसे अर्जी लेखक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जावेगा।

(26) उपरोक्त में किसी उपनियमों के अधीन पारित किसी आदेश के विरूद्व कोई अपील नहीं होगी।

(27) उप नियम (2), (20), (21), (23), (24) या (25) के अधीन पारित आदेशों के संबंध में उच्च न्यायालय अधीक्षण और नियंत्रण की सामान्य शक्तियों का प्रयोग उसी रीति में करेगा जिस प्रकार वह सत्र न्यायाधीश के अन्य प्रशासनिक आदेशों के संबंध में करता है।

**अधिकतम प्रभार्य दर–**

(28) किसी अर्जी या अन्य दस्तावेज के लिए अधिकतम प्रभार्य दर चार सौ रूपए की अधिकतम सीमा के अध्यधीन रहते हुए रूपए 10/– प्रति पृष्ठ होगी।

## प्ररूप—क

## अनुज्ञप्ति का प्ररूप

**रजिस्ट्रीकरण कमांक..............**

प्रमाणित किया जाता है कि...........................आत्मज.......................... निवासी.........................जिला को एतदद्वारा जिला..........................में अर्जी लेखक के रूप में व्यवसाय करने की अनुज्ञा प्रदान की जाती है और मध्यप्रदेश में अर्जी लेखकों से संबंधित नियमों द्वारा विहित रीति में तथा उक्त नियमों के उपबंधों के अध्यधीन अर्जी लेखक के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायालय की मुहर से आज दिनांक.................. माह............सन्.............स्थान...............को प्रदत्त।

मुद्रा

जिला न्यायाधीश

### प्ररूप—ख

### प्रत्येक अनुज्ञ अर्जी लेखक द्वारा संधारित की जाने वाली पंजी

| अर्जी का अनुकमांक | तारीख जिसको अर्जी लिखी गई थी | उस व्यक्ति का नाम, पिता का नाम और निवास जिसके कहने पर अर्जी लिखी गई थी | अर्जी का विवरण | अर्जी की विषय—वस्तुओं का संक्षिप्त सार | अर्जी में भुगतान की गई न्यायालय शुल्क का मूल्य | अर्जी को लिखने के लिए प्रभारित शुल्क | अभ्युक्तियां | अर्जी लेखक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| | | | | | | | | |

## प्ररूप—ग

## अनुज्ञप्तिधारी अर्जी लेखकों की पंजी

पंजी का पृष्ठ.........

पंजी क्रमांक.........

(1) अर्जी—लेखक का नाम...............................................................................

(2) पिता का नाम...............................................................................

(3) निवास...............................................................................

(4) व्यवसाय का स्थान...............................................................................

(5) अनुज्ञप्ति प्रदान करने की तारीख

(6) नियुक्ति की पुष्टि की तारीख

(7) पंजीयन क्रमांक...............................................................................

**अभियुक्तियां**...............................................................................

टिप्पणीः प्रत्येक अर्जी—लेखक के लिए एक या अधिक पृष्ठ स्वतंत्र रखे जाएं।

टिप्पणीः अभ्युक्तियों के कॉलम में उप नियम (20) अथवा (21) के अधीन आरोपित कोई क्षणित और उपनियम (18), (19), (22) या (23) के अधीन पारित किन्ही आदेशों के संबंध टिप्पणी की प्रविष्टि की जाएगी।

In exercise of the powers conferred by article 227 of the Constitution of India, read with section 23 of the Madhya Pradesh Civil Courts Act, 1958 (Act No. 19 of 1958), the High Court of Madhya Pradesh, hereby, proposes to make the following further amendments in the Madhya Pradesh Civil Courts Rules, 1961, namely:-

**AMENDMENTS**

In the said rules, after rule 594, the following rules shall be inserted, namely:-

"**594-A.-** (1) In there rules :-

(a) "Petition" means a document written for being presented to a Civil Court and includes a plaint, written statement and memorandum of appeal.

(b) "To practice as petition writer" means to write a petition as defined above for hire. A petition writer is said to practice in a court when he writes petitions for the purpose of being presented to the court.

(2) No person shall practice as a petition-writer unless he has been duly licensed under these Rules:

provided-

(a) that any person licensed under any rule, either Civil or Criminal shall be deemed to have been licensed under these rules;

(b) that no such licence is necessary in respect of a petition meant to be presented to a court in which a legal practitioner is entitled to practice if the petition is written by him or by his clerk and is signed by a legal practitioner.

(3) No petition shall be rejected merely on the ground that it has been written by a person who is not a licensed petition-writer. Every petition shall show clearly the name and designation of the person by whom it has been scribed and the court may refuse to accept a petition which does not comply with this requirement.

## LICENSING OF PETITION WRITERS

